**दिनांक : 7 मार्च, 2019**

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के आय और व्यय का विश्लेषण :

# वित्तीय वर्ष 2017-18

## एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
## द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

पता: टी- 95 दूसरा मंजिला, सी एल हाउस, गौतम नगर
(नजदीकी गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स)
दिल्ली – 110049
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011- 4165 4200

# सारांश

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्त्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शिता लेखा प्रणाली के लिए आवश्यक है कि पार्टियां सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करें |

भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों /महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी ऑडिट रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है | वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए, 37 दलों का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग के वेबसाइट में उपलब्ध है | इस रिपोर्ट में इन्हीं 37 दलों की आय और व्यय का विश्लेषण किया है |

## क्षेत्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट


- दलों द्वारा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तिथि 30 अक्टूबर 2018 थी |
- कुल **48 क्षेत्रीय दलों** में से, **20 दलों** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट समयसीमा के अंतर्गत जमा किया जबकि **17 दलों** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के बाद **1** दिन से **110 दिन** के अंतराल में जमा किया |
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए, **11 क्षेत्रीय दलों** का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर आज की तारीख तक उपलब्ध नहीं हैं | जिसमें कुछ प्रमुख राजनीतिक दल **बीपीएफ, जेकेएनसी** और **जेकेपीडीपी** भी शामिल हैं |
- इस रिपोर्ट में केवल **37 क्षेत्रीय दलों** की आय और व्यय का विश्लेषण किया है, जिन्होंने अपना ऑडिट रिपोर्ट वि व् 2017-18 के लिए चुनाव आयोग को जमा किया है |

| Regional Parties: Due date for submission: 30 Oct,'18 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of submission** | **No. of days by which delayed** |
| 1 | Naga People Front | NPF | Submitted on time | 8-May-18 | - |
| 2 | Mizo National Front | MNF | Submitted on time | 11-May-18 | - |
| 3 | Indian National Lok Dal | INLD | Submitted on time | 20-Jul-18 | - |
| 4 | Shiromani Akali Dal | SAD | Submitted on time | 26-Jul-18 | - |
| 5 | Jharkhand Mukti Morcha | JMM | Submitted on time | 27-Aug-18 | - |
| 6 | National People's Party | NPP | Submitted on time | 4-Sep-18 | - |
| 7 | Jharkhand Vikas Morcha (P) | JVM-P | Submitted on time | 20-Sep-18 | - |
| 8 | Telugu Desam Party | TDP | Submitted on time | 24-Sep-18 | - |
| 9 | Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | Submitted on time | 25-Sep-18 | |
| 10 | Janata Dal (United) | JDU | Submitted on time | 27-Sep-18 | - |
| 11 | All India United Democratic Front | AIUDF | Submitted on time | 27-Sep-18 | - |
| 12 | Rashtriya Lok Dal | RLD | Submitted on time | 28-Sep-18 | - |
| 13 | Telangana Rashtra Samithi | TRS | Submitted on time | 28-Sep-18 | - |
| 14 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-C | Submitted on time | 28-Sep-18 | - |
| 15 | Pattali Makkal Katchi | PMK | Submitted on time | 1-Oct-18 | - |

| Regional Parties: Due date for submission: 30 Oct,'18 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of submission** | **No. of days by which delayed** |
| 16 | All India Forward Bloc | AIFB | Submitted on time | 11-Oct-18 | - |
| 17 | Biju Janata Dal | BJD | Submitted on time | 18-Oct-18 | - |
| 18 | Janata Dal Secular | JDS | Submitted on time | 23-Oct-18 | - |
| 19 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | Submitted on time | 26-Oct-18 | - |
| 20 | Sikkim Democratic Front | SDF | Submitted on time | 27-Oct-18 | - |
| 21 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | Submitted with delay | 31-Oct-18 | **1 day** |
| 22 | All India Majlis-e-Ittehadul Muslimeen | AIMIM | Submitted with delay | 5-Nov-18 | **5 days** |
| 23 | Shiv Sena | SHS | Submitted with delay | 14-Nov-18 | **14 days** |
| 24 | Maharashtrawadi Gomantak Party | MGP | Submitted with delay | 17-Nov-18 | **17 days** |
| 25 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | Submitted with delay | 21-Nov-18 | **21 days** |
| 26 | Indian Union Muslim League | IUML | Submitted with delay | 26-Nov-18 | **26 days** |
| 27 | Rashtriya Janata Dal | RJD | Submitted with delay | 28-Nov-18 | **28 days** |
| 28 | Samajwadi Party | SP | Submitted with delay | 30-Nov-18 | **30 days** |
| 29 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | Submitted with delay | 3-Dec-18 | **33 days** |
| 30 | Aam Aadmi Party | AAP | Submitted with delay | 6-Dec-18 | **36 days** |
| 31 | All India N.R. Congress | AINRC | Submitted with delay | 10-Dec-18 | **40 days** |
| 32 | Zoram Nationalist Party | ZNP | Submitted with delay | 24-Dec-18 | **54 days** |
| 33 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | Submitted with delay | 26-Dec-18 | **56 days** |
| 34 | Asom Gana Parishad | AGP | Submitted with delay | 24-Jan-19 | **85 days** |
| 35 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | Submitted with delay | 24-Jan-19 | **85 days** |
| 36 | AJSU Party | AJSU | Submitted with delay | 7-Feb-19 | **99 days** |
| 37 | Mizoram People's Conference | MPC | Submitted with delay | 14-Feb-19 | **110 days** |
| 38 | Bodoland Peoples Front | BPF | **Not submitted** | **Audit reports are not available in Public domain** | |
| 39 | Goa Forward Party | GFP | **Not submitted** | | |
| 40 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | **Not submitted** | | |
| 41 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | JKPDP | **Not submitted** | | |
| 42 | Kerala Congress (M) | KC-M | **Not submitted** | | |
| 43 | Lok Jan Shakti Party | LJP | **Not submitted** | | |
| 44 | People's Party of Arunachal | PPA | **Not submitted** | | |
| 45 | People's Democratic Alliance | PDA | **Not submitted** | | |
| 46 | Revolutionary Socialist Party | RSP | **Not submitted** | | |
| 47 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | **Not submitted** | | |
| 48 | United Democratic Party | UDP | **Not submitted** | | |

## क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा घोषित आय : वित्तीय वर्ष-2017-2018

- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान **37 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 237.27 करोड़** थी |
- **समाजवादी पार्टी** ने सबसे अधिक **रु 47.19 करोड़** की आय घोषित की है जो **37 दलों** की कुल आय का **19.89%** है इसके बाद **डीएमके** की कुल आय **रु 35.748 करोड़** (दलों की कुल आय का **15.07%)** और **टीआरएस** ने अपनी कुल आय **रु 27.27 करोड़** घोषित की है, जो सभी 37 दलों की कुल आय का **11.49%** है |
- शीर्ष तीन दलों की कुल आय मिलाकर **रु 110.21 करोड़** है जो 37 दलों की कुल आय का **46.45%** है |




**Graph: Annual income for FY 2017-18 declared by Regional Parties**

## वि व 2016-17 और 2017-18 के बीच क्षेत्रीय दलों की कुल आय की तुलना

- **37 क्षेत्रीय दलों** के ऑडिट रिपोर्ट से पता चलता है की **15 दलों** ने वित्तीय वर्ष 2016-17 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान अपनी आय **कम घोषित** की है जबकि **19 दलों** (**51.35%)** ने अपने आय में वृद्धि दर्शायी है | **तीन क्षेत्रीय दलों** ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए अपना ऑडिट रिपोर्ट अभी तक **जमा नहीं** किया है |
- वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए **एजेएसयू, एआईएफबी और जेकेएनपीपी** क्षेत्रीय दलों ने अपना ऑडिट रिपोर्ट जमा नहीं किया है |
- वि व् 2016-17 के दौरान, **34 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 409.64 करोड़** थी जो वि व् 2017-18 में **42%** (**172.78 करोड़**) घटकर **रु 236.86 करोड़** हो गयी |


## क्षेत्रीय दलों द्वारा खर्च नहीं की गयी आय : वित्तीय वर्ष 2017-18

- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, **22 क्षेत्रीय दलों** ने अपनी आय से **कम खर्च** किया है जबकि **15 दलों** ने अपनी एकत्रित आय से **अधिक खर्च घोषित** किया है |

- **जेडीएस** और **जेडीयू** दलों ने अपनी कुल आय का **85%** से अधिक की आय **खर्च नहीं** किया है जबकि **एआईएमआईएम** की कुल आय का **63%** शेष है |
- **वायएसआर कांग्रेस** पार्टी ने अपनी आय से **रु 2.41 करोड़** अधिक खर्च किया है | **आईयूएमएल** ने अपनी कुल आय से **रु 2.06 करोड़** से अधिक खर्च दर्शाया है |

## क्षेत्रीय दलों का व्यय : वित्तीय वर्ष 2017-18

- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान **37 क्षेत्रीय दलों** की कुल खर्च **रु 170.45 करोड़** थी |
- शीर्ष तीन क्षेत्रीय दलों में **समाजवादी पार्टी** ने **रु 34.539 करोड़** का खर्च घोषित किया है इसके बाद **डीएमके** ने **रु 27.47 करोड़** और **टीडीपी** ने **रु 16.73 करोड़** का खर्च दर्शाया है |
- **समाजवादी पार्टी** ने 37 दलों के कुल खर्च का **20.26%** व्यय अकेले ही किया है |
- 37 राजनीतिक दलों द्वारा व्यय किये गए कुल खर्च का **46.19%** राशि शीर्ष के तीन दलों ने व्यय किया है |




**Graph: Percentage share of regional parties in their total expenditure, FY 2017-18**

## क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित सभी आय के स्त्रोत : वित्तीय वर्ष 2017-18

- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, 37 क्षेत्रीय दलों ने **स्वैच्छिक योगदान** (दान और चुनावी बांड्स) से कुल **32.58%** (रु 77.30 करोड़) की आय अर्जित की है |
- **37 क्षेत्रीय दलों** में से केवल **जनता दल सेक्युलर** ने ही **चुनावी बांड्स** से **रु 6.03 करोड़** की आय घोषित किया है |
- **सदस्ता शुल्क** के माध्यम से 37 क्षेत्रीय दलों ने कुल मिलाकर **36.50%** या **रु 86.60 करोड़** की आय प्राप्त की है |





**Chart: Declarations of sources of income under various Heads of Regional parties FY 2017-18**

## एडीआर का अवलोकन

- वित्तीय वर्ष 2004-05 से वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान , चुनाव आयोग की वेबसाइट से पता चलता है की 48 क्षेत्रीय दलों में से **यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी** (पिछले 14 सालों का) और **जम्मू एंड कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी** (पिछले 13 सालों का) का एक भी ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है | वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 37 क्षेत्रीय दलों की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध है |
- 2 क्षेत्रीय दलों (**आईयूएमएल** और **केसीएम**) ने अपना ऑडिट रिपोर्ट वि व् 2004-05 से वि व् 2017-18 के बीच 7 या उससे अधिक बार चुनाव आयोग को जमा नहीं किया है |
- चुनाव आयोग में उपलब्ध ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर पिछले दो सालों में 48 दलों में से 14 दलों का ऑडिट रिपोर्ट कम से कम एक साल के लिए उपलब्ध नहीं है |
- वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए **एजेएसयू, एआईएफबी और जेकेएनपीपी** क्षेत्रीय दलों का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए, **समाजवादी पार्टी** का ऑडिट रिपोर्ट में घोषित किये गए आय के स्त्रोतों का संलग्न सार्वजानिक तौर पर उपलब्ध नहीं है |
- वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान **34 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 409.64 करोड़ थी** जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में **42%** घटकर **रु 236.86 करोड़** हो गयी |
- वि व् 2016-17 के दौरान, **34 क्षेत्रीय दलों** का कुल खर्च **रु 468.63 करोड़** था जो वि व् 2017-18 में **63.72%** घटकर **रु 170.02 करोड़** हो गयी |
- **37 क्षेत्रीय दलों** में से केवल **जनता दल सेक्युलर** ने ही **चुनावी बांड्स** से **रु 6.03 करोड़** की आय घोषित किया है |

- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, 37 क्षेत्रीय दलों में से केवल **शिरोमणि आकाली दल** और **झारखण्ड विकास मोर्चा** (प्रजातान्त्रिक) दलों ने अपने ऑडिट रिपोर्ट में **कूपनों की बिक्री** से आय घोषित की है |
- वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 में क्षेत्रीय दलों के आय के स्त्रोतों में समान्यतः **अनुदान/दान/योगदान, सदस्यता शुल्क और ब्याज आय ( एफडी, टीडीआर)** है |
- वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 में क्षेत्रीय दलों के खर्च में समान्यतः **चुनाव खर्च, प्रशासनिक और सामान्य खर्च** हैं |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है ) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |
- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (80 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जा है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 80 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- आईसीएआई का यह दिशा निर्देश की राजनीतिक दलों के ऑडिट रिपोर्ट का इनकम टैक्स डिपार्टमेन्ट द्वारा छानबीन की जानी चाहिए किन्तु इसका पालन नहीं होता है | राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए | ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा |

वि व् 2017-18 के दौरान क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा घोषित आय और व्यय का विश्लेषण | कृपया दिए गये लिंक पर क्लिक करें: http://myneta.info

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज से लिया गया है https://eci.gov.in/files/category/325-recognized-state-parties/ रिपोर्ट बनाते समय उपलब्ध जानकारी का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, नेशनल इलेक्शन वाच और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

## सम्पर्क


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>ADR & NEW<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>ADR & NEW<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>ADR & NEW<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gmail.com |